July to Septmber 2022

# Rajasthan Police Academy
## News Letter



## इस अंक में.........

- पुलिस उपनिरीक्षक तथा प्लाटून कमांडर के संयुक्त बैच का दीक्षांत परेड समारोह
- स्वतन्त्रता दिवस समारोह 2022
- राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों का MCTP कोर्स
- International Training Programme On Online Child Sexual Exploitation
- महिला शारीरिक शिक्षकों का आत्मरक्षा तकनीक पर प्रशिक्षण
- तीज महोत्सव
- पुलिस विद्यार्थी संवाद



# निदेशक की कलम से...

विपरीत परिस्थितियों में धैर्य एवं जोश के साथ यदि कार्य किया जाए तो वह कार्य सफल होता है। इसका बेहतरीन उदाहरण दिनांक 02 सितम्बर 2022 को आयोजित हुई पुलिस उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमाण्डर के संयुक्त बैच की पासिंग आउट परेड की पूर्व संध्या पर देखने को मिला जब अचानक हुए मौसम परिवर्तन, तेज बारिश एवं तूफानी हवाओं ने कार्यक्रम की तैयारियों को तहस नहस कर दिया, किन्तु राजस्थान पुलिस अकादमी की पूरी टीम द्वारा धैर्यपूर्वक स्थिति को संभाला गया तथा प्रशिक्षणार्थियों ने पूरे जोश के साथ पुनः पूरी व्यवस्था को ऐसे तैयार किया जैसे कुछ हुआ ही न हो। इस पूरे घटनाक्रम में राजस्थान पुलिस अकादमी की पूरी टीम तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जो जज्बा दिखाया गया उसकी मैं भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं।

पुलिस उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमाण्डर बैच के 455 प्रतिभागियों की पासिंग आउट परेड माननीय मुख्य मंत्री, राजस्थान सरकार श्री अशोक गहलोत के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने पूरे जोश के साथ बेहतरीन परेड का नमूना पेश किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने नवप्रशिक्षित अधिकारियों को शुभकामनाऐं देते हुए भविष्य में आने वाली चुनौतियों का डट कर मुकाबला करने का आह्वान किया।

राजस्थान पुलिस अकादमी में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए निरन्तर डपक ब्तममत ज्तंपदपदह च्तवहतंउउम चलाए जा रहे है। इसी श्रृंखला में दिनांक 12.09.200 से 16.09.2022 तक 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महानिदेशक पुलिस श्री मोहन लाल लाठर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों के साथ नवीनतम मुद्दों पर चर्चा की गई। इसी प्रकार प्रशिक्षणाधीन आरपीएस अधिकारियों को केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल भेजा जाकर तीन सप्ताह के विशिष्ठ प्रशिक्षण मोड्यूल चलाया जाकर साईबर अपराधों के अनुसंधान एवं मोबाईल फोरेंसिक के संबंध में प्रशिक्षण दिलवाया गया।

बाल संरक्षण पर उदयपुर रेंज में रेंज स्तरीय तथा जालोर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम और राजस्थान पुलिस अकादमी में विधालयों की महिला शारीरिक शिक्षकों के आत्मरक्षा तकनीक के प्रशिक्षण के माध्यम से बालकों एवं महिलाओं की सुरक्षा से जुडे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी प्रकार पुलिस विधार्थी संवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली बच्चों को राजस्थान पुलिस अकादमी से जोडा जा रहा है।

प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने के लिए तीज महोत्सव का आयोजन किया गया तथा थियेटर की बारिकियों से रुबरु करने हेतु ''अम्बा'' नाटक की प्रस्तुति करवाई गई।

**राजीव शर्मा**

**निदेशक**

# नवनियुक्त आर.पी.एस अधिकारियों का भोपाल भ्रमण

## पुलिस उपनिरीक्षक तथा प्लाटून कमांडर के संयुक्त बैच की दीक्षांत परेड समारोह



2 सितम्बर 2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में पुलिस उपनिरीक्षक तथा प्लाटून कमांडर के संयुक्त बैच की दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने दीक्षांत परेड समारोह में शिरकत की। उन्होंने 455 प्रशिक्षु पुलिस उपनिरीक्षक तथा प्लाटून कमांडर के संयुक्त बैच की




दीक्षांत परेड में मुख्य अतिथि के रूप में सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने दीक्षा प्राप्त करने वाले पुलिस उपनिरीक्षकों तथा प्लाटून कमांडरों को बधाई देते हुए कहा कि अकादमी से प्राप्त गहन प्रशिक्षण उन्हें उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनाएगा। प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त कानून, अपराध अनुसंधान, साइबर अपराध, वीआईपी सुरक्षा तथा व्यावहारिक ज्ञान का प्रशिक्षण उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन तथा समाज को न्याय दिलाने में सहायता करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि प्रशिक्षित अधिकारी महिलाओं, बालिकाओं, समाज के कमजोर लोगों और बुजुर्गों के साथ शालीनता से व्यवहार कर उनकी परिवेदनाओं को पूरे मनोयोग और



मानवीय दृष्टिकोण से सुनेंगे तथा उन्हें राहत प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आश्वस्त है कि नए अधिकारी वीरता एवं सजगता के साथ आपराधिक व राष्ट्रविरोधी तत्वों का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि नए अधिकारियों को वैज्ञानिक अनुसंधान के तरीकों को कार्यप्रणाली में सम्मलित करना होगा, ताकि सुलभ एवं पारदर्शी न्याय किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस अपने अधिकारों का उपयोग पीड़ित वर्गों को न्याय दिलाने में करे, जिससे पुलिस का इकबाल कायम रहने के साथ ही अपराधियों में भय व्याप्त रहे।



पुलिस बल में महिलाओं की बड़ी भागीदारी से पुलिस तंत्र अधिक संवेदनशील बनता है तथा एक





समावेशी एवं सुरक्षित परिवेश का निर्माण होता है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस अकादमी में महिला जवानों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु 300 महिला ट्रेनी के लिए नवीन हॉस्टल निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह के अंत में प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए जिप ड्रील, जिम्नास्टिक्स तथा आत्मरक्षा तकनीकों का अवलोकन कर प्रशिक्षुओं के कौशल को सराहा तथा उनके द्वारा ली गई संविधान व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ को जीवन पर्यन्त निभाने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राजस्थान पुलिस, आरएसी तथा आईबी के पुलिस उपनिरीक्षकों तथा प्लाटून कमांडरों को ड्रील, निशानेबाजी, आउटडोर बेस्ट तथा ऑलराउण्ड बेस्ट



श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानिते किया। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आतंकवादी निरोधक दस्ता) श्री अशोक कुमार राठौड़ तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्रालय से विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया। उन्होंने सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों के जवानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत परेड समारोह उपरांत प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों तथा उनके परिवारजनों से भी भेंट की। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस महानिदेशक श्री एमएल लाठर द्वारा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस मौके पर राजस्थान पुलिस महानिदेशक श्री एमएल लाठर ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि एक सेवाकर्मी के लिए पासिंग आउट परेड सबसे महत्वपूर्ण लम्हा होती है। राज्य सरकार के बजट आवंटन से अब पुलिसकर्मियों को साइबर व फोरेंसिक अनुसंधान का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बड़ा क्षेत्रफल होने के कारण पुलिसिंग केलिए अधिक जवानों की आवश्यकता को राज्य सरकार के निरंतर सहयोग से पूरा किया जा रहा है।

निदेशक पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्मा ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्द्धन के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने हुए कहा कि राजस्थान पुलिस अकादमी को केन्द्र सरकार द्वारा लगातार सर्वश्रेष्ठ अकादमी का पुरस्कार दिया गया है।

इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, सचिव केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय श्री रोहित कुमार सिंह, एसीएस होम श्री अभय कुमार सहित विभाग के विभिन्न अधिकारी तथा प्रशिक्षुओं के परिवारजन उपस्थित थे।

# International Training Programme On Online Child Sexual Exploitation




राजस्थान पुलिस अकादमी, UNICEF और ICMEC के सहयोग से ऑनलाइन बाल यौन शोषण पर तीन दिवसीय (19–21 सितम्बर 2022) अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान,उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश गुजरात एवं हरियाणा के पुलिस अधिकारी तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के कुल 67 प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री  राजीव शर्मा, श्री अशोक राठौड, अतिरिक्त महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी, तथा Guillerno Galarzv (Vice President, Partnership and Training, ICMEC) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री राजीव शर्मा ने प्रशिक्षण के उद्देश्यो की जानकारी दी तथा श्री अशोक राठौड ने ऑनलाइन यौन शोषण से सम्बन्धित ऑकडों तथा इसकी रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। Guillerno Galarzv ने ऑनलाइन बाल यौन शोषण के वैश्विक दृष्टिकोण का उल्लेख किया व इससे जुड़ी तकनीकीके बारे में जानकारी दी।



Pilar Ramirey, VicePresident National Capacity ICMEC ने इस विषय से सम्बन्धित महत्वपूर्ण शब्दावलियों पर प्रकाश डाला तथा पुलिस अधिकारियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की। ICMEC के विषय विशेषज्ञ MATT Powell द्वारा प्रतिभागियो को ऑनलाइन बाल यौन शोषण के अपराधों की जाँच के लिए उपयोग में लाए जाने वाले तकनीकी साधनो व महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं व IP Address को ट्रेस करने हेतु इस्तेमाल/उपयोग में ली जाने वाली तकनीकी सॉफ्टवेयर को प्रतिभागियों को समझाया।

ICMEC के विषय विशेषज्ञ Corey Managhan (ICMEC Instructor) तथा Harry koh (Solutions Engineer of Magnet Forensics) द्वारा CSAM अथवा



Child Pornography की जांच करने हेतु OSINI (Open Source Intelligence) व प्रमुख फ्री tool जैसे – MAXMIND, COMCAST, ICACCOS आदि का उपयोग करना व इनसे जुड़े फायदे प्रतिभागियों को सिखाए व समझाए गए। इन तकनीकी सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को साक्ष्य, संग्रहण की प्रक्रिया व तकनीकी जाँच से जुड़े सॉफ्टवेयर भी साझा किए गए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा CCPWC लैब में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा Hands On Practice भी की। प्रशिक्षण की समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# Mid Career Training Programme



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 12.09.2022 से 16.09.2022 तक पांच दिवसीय "Mid Career Training Programme" आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रैंक के 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र में महानिदेशक पुलिस, राजस्थान श्री मोहन लाल लाठर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ कर प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। पुलिस महानिदेशक महोदय ने सभी प्रतिभागी अधिकारियों को आने वाले समय में तकनीक के प्रयोग को अपनाने और इसके



साथ ही अपराध अनुसंधान के परम्परागत तरीकों में सामंजस्य बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नार्को आतंकवाद ,सडक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन, सामान्य वित्त और लेखा नियम, R.T.T.P rules 2012, C.C.T.N.S और पुलिस द्वारा प्रयोग किये जा रहे ऐप ,साइबर अपराधों का अनुसंधान, अपराध दृश्य प्रबंधन और डिजिटल साक्ष्य का रखरखाव, पुलिस में प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग, राजस्थान में कानून और व्यवस्था की स्थिति संभालने वाली शहरी पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापति करने, आर्थिक अपराधों का




अनुसंधान , महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ नवीनत्तम अपराध और पुलिस की भूमिका के बारे में, कानून में नवीनत्तम संशोधन, ब्लॉकचेन और क्रिप्टोकरेंसी ,डार्क नेट और वी.पी.एन ,न्यायालयों में विचारण एवं कमियों के बारे में,भीड प्रबंधन के बारे में चर्चा की गई।

मानसिक स्वास्थ्य विषय पर मैनचेस्टर विश्वविद्यालय यू.के के प्रोफेसर डॉ विमल शर्मा ने प्रतिभागियों के साथ चर्चा करते हुए मानसिक स्वास्थ्य एवं इससे जुडे विभिन्न कारकों पर विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझ विकसित करने का प्रयास किया और सभी से अपने एवं अपने परिवार एवं कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर प्रकाश डाला।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कम्युनिटी पुलिसिंग राजस्थान, श्री विशाल बंसल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, रेल्वे राजस्थान, श्री संजय अग्रवाल, अतिरिक्त

महानिदेशक पुलिस, अपराध, डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात, श्री विजय कुमार सिंह, महानिरीक्षक पुलिस, एस.सी.आर.बी श्री शरत कविराज व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त किए गए अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## स्वतन्त्रता दिवस समारोह 2022



राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर स्थित स्टेडियम में स्वाधीनता दिवस समारोह का हर्षोल्लास से आयोजन किया गया। समारोह में अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया और परेड की सलामी ली गई और परेड का निरीक्षण किया। परेड में उप निरीक्षक प्रोबेशनर्स एवं आरपीएस प्रोबेशनर्स के दल (प्लाटून) सम्मिलित रहे।

अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में स्वाधीनता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक युवा को अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और अस्थाई कर्मचारियों को नगद इनाम वितरित किए गए और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह संपन्न होने के पश्चात मिठाइयां वितरित की गई ।





# Cyber Crime & Cyber law Awareness Programme for Judicial & Prosecuting Officers



राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत दिनांक 23.09.2022 से 25.09.2022 तक तीन दिवसीय "Cyber crime & Cyber law awareness programme for judicial & Prosecuting officers" आयोजित किया गया जिसमें 10 न्यायिक अधिकारी, 10 अभियोजन अधिकारियों, 5 पुलिस निरीक्षकगण व 1 उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी ने भाग लिया।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री न्यायमूर्ति श्री इन्द्रजीत सिंह, राजस्थान उच्च न्यायालय, बेन्च जयपुर द्वारा किया गया। उन्होनें अपने उद्‌बोधन में बढते साइबर अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध परिपेक्ष्य में संचार उपकरणों से संबंधित नई तकनीक, फेसबुक, वॉटसअप व टवीटर की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों का एफ.एस.एल भ्रमण करवाया गया एवं डिजिटल साक्ष्य के महत्व व इनकी एस.ओ.पी के संबंध में चर्चा की गई। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के महत्व एंव ग्राह्यता के साथ साथ साइबर अपराधों में ट्रायल के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की गई। सोशल मिडिया पर महिलाओं एव बच्चों के विरूध्द हो रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी जाकर इनकी रोकथाम एवं अनुसंधान के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री हेमन्त प्रियदर्शी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राजस्थान ने प्रतिभागियों के साथ प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त की गई जानकारी के बारे में चर्चा की । कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।



# जालौर में दो दिवसीय बाल संरक्षण प्रशिक्षण




दिनांक 28.07.2022 से 29.07.2022 तक राजस्थान पुलिस अकादमी तथा यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जालौर पुलिस लाईन स्थित सभागार में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला स्तर के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, मानव तस्करी यूनिट के अधिकारियों, विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारियों, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री निशान्त जैन जिला कलेक्टर जालौर व श्रीमति अनुकृति उज्जैयनिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालौर द्वारा किया गया। कलेक्टर महोदय ने बताया कि बालक, भविष्य के नागरिक हैं जिन्हे विशेष अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके संरक्षण में माता– पिता से लेकर सभी संरचनाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों का देश की सर्वोच्च निधि और देश के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए पुलिस अधिकारियों में बच्चों के विरूद्व होने वाले अपराधों और विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर और देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के संबंध में कार्यवाही करते समय अपेक्षित संवेदनशीलता और विधिक प्रक्रियाओं के ज्ञान की आवश्यकताओं पर बल दिया जिससे बाल अधिकारों का संरक्षण हो और बालकों के विकास और कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सके।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने बालकों के अधिकारों, उनके संबंध में नवीनत्तम कानूनों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हितधारकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न हितकारकों के मध्य समवन्य की आवश्यकता पर प्रतिभागियों के मध्य विस्तृत चर्चा हुई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट जालौर श्री हुकुम सिंह राजपुरोहित पधारे । श्रीमान ने सभी हितकारकों से बालकों के सर्वोत्तम हित को ध्यान रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया एवं पुलिस अधिकारियों से नवीनत्तम कानूनों में दी गई प्रक्रियाओं के अनुरूप संवेदनशील होकर कार्य करने के बारे में बताया एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

# उदयपुर में रेंज स्तरीय दो दिवसीय बाल सरंक्षण प्रशिक्षण



दिनांक 29.09.2022 से 30.09.2022 तक राजस्थान पुलिस अकादमी तथा यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में उदयपुर पुलिस लाईन स्थित सभागार में दो दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में रेंज स्तर के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, मानव तस्करी यूनिट के अधिकारियों, विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारियों, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री विकास शर्मा, पुलिस अधीक्षक उदयपुर द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बच्चों को देश की सर्वोच्च निधि और देश के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए पुलिस अधिकारियों में बच्चों के विरूद्व होने वाले अपराधों और विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर और देखभाल और संरक्षण की




आवश्यकता वाले बालकों के संबंध में कार्यवाही करते समय अपेक्षित संवेदनशीलता और विधिक प्रक्रियाओं



के ज्ञान की आवश्यकताओं पर बल दिया जिससे बाल अधिकारों का संरक्षण हो और बालकों के विकास और कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने बालकों के अधिकारों, उनके संबंध में नवीनत्तम कानूनों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हित धारकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न हितकारकों के मध्य समवन्य की आवश्यकता पर प्रतिभागियों के मध्य विस्तृत चर्चा हुई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री प्रफुल्ल कुमार महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज पधारे । श्रीमान ने सभी हितकारकों से बालकों के सर्वोत्तम हित को ध्यान रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया एवं पुलिस अधिकारियों से नवीनत्तम कानूनों में दी गई प्रक्रियाओं के अनुरूप संवेदनशील होकर कार्य करने के बारे में बताया एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

# Training on Self Defense Techniques For Women PTI

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 12.09.2.22 से दिनांक 17.09.2022 तक महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षकों का ”Training on Self Defense Techniques For Women PTI” विषय पर 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्थान कॉन्सिल फॉर एलीमेन्टरी एजुकेशन (R.C.E.E) व राजस्थान पुलिस के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 42 महिला शारीरिक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमति देवायनी उपायुक्त बालिका शिक्षा,



जयपुर एवं श्री अनिल राव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सहायक निदेशक सी.डी.पी.एस.एम, राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्रीमति सुनिता मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर द्वारा आत्मरक्षा इण्डोर और नियमित जीवन आत्मरक्षा तकनीक व निर्भया स्कवाड टीम के बारे में बताया। श्रीमति सरिता दीक्षित, कोर्डिनेटर, शिक्षा विभाग, जयपुर द्वारा रेंज और प्रशिक्षण रणनीतियों चर्चा की, डॉ सुमन ढाका एसोसिएट प्रोफेसर, आरपीए जयपुर ने लैंगिक समानता,अवधारणा और वास्तविकता के बारे में बताया। प्रतिभागियों को आउट डोर प्रशिक्षण में योगासन एवं प्राणायाम, यू.ए.सी/कराटे में आगे पीछे





चलने के तरीके सिखलाये गये।

प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा वेब पर बच्चों को सुरक्षित रखना, बच्चों को ऑनलाइन यौन शोषण से बचाना और सोशल मीडिया पर साइबर अपराधों से बचाव, महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता, महिलाओं एवं लडकियों के लिए सरकारी योजनाओं, यौन अपराधों से निपटने के लिए जीवन कौशल ,महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों , बाल श्रम अधिनियम 1986 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बारे में चर्चा की। श्रीमति वंदना व्यास सदस्य (R.S.C.P.C.R) जयपुर के द्वारा बाल अधिकार और



बच्चों के संरक्षण से संबंधित मुद्दे लघु फिल्म कोमल और कहानी के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि अतिरिक्त आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान श्री मुरारी लाल शर्मा पधारे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वंय में आत्मविश्वास जाग्रत करने और जीवन की समस्त समस्याओं का हल स्वावलम्बन व सेल्फ डिफेन्स को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया एवं प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किये।

# पुलिस विद्यार्थी संवाद

दिनांक 20.08.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा 'पुलिस विद्यार्थी सवांद' क्रार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक एवं सुरक्षित करना, पुलिस प्रशिक्षण, भर्ती, पदों की सम्पूर्ण जानकारी देना है। इसके अन्तर्गत समय समय पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवम् स्टाफ का भ्रमण कराया गया, जिसमें घोडों की रिसाला, डॉग स्कवायड की विजिट एवम् उनकी विचित्र गतिविधियों का प्रदर्शन करवाया गया साथ ही सेंटर बैंड टीम द्वारा बच्चों के मनोरंजन हेतू संगीत सुनाया गया।





# नवनियुक्त आर.पी.एस अधिकारियों का भोपाल भ्रमण




दिनांक 5.09.2022 को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राजस्थान पुलिस के नवनियुक्त 36 आर.पी.एस अधिकारियों को केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल मध्यप्रदेश का भ्रमण करवाया गया जिसका शुभारम्भ श्री राजेन्द्र कुमार सेवानिवृत डी.जी.पी मध्यप्रदेश द्वारा किया गया। यह तीन सप्ताह का क्रार्यक्रम था।

भोपाल में प्रशिक्षण के दौरान साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध परिपेक्ष्य में संचार उपकरणों से संबंधित नई तकनीक, फेसबुक, वॉटसअप व ट्वीटर, डिजिटल साक्ष्य के महत्व व इनकी एस.ओ.पी ,सी.डी.आर डाटा एंव सी.डी.आर एनालिसिस सॉफ्टवेयर, आई.टी अधिनियम/भारतीय आई.टी अधिनियम, डार्क वेब/क्रिप्टोकरेंसी का परिचय, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के महत्व एंव ग्राह्यता, ब्लॉकचेन और क्रिप्टोकरेंसी, सोशल मीडिया का उपयोग ,इनकी रोकथाम एवं अनुसंधान के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई। प्रशिक्षाणार्थियों को कम्प्युटर सिस्टम फोरेंसिक एवं साइबर फोरेसिंक उपकरणों का व्यावहारिक अभ्यास



करवाया गया। एक्सप्लोजिव केस में क्राइम सीन का अनुसंधान, फिंगर प्रिन्ट, अपराध स्थल प्रबंधन, अपराध स्थल की जांच में डीएनए का महत्व, विभिन्न प्रकार की लाई डिटेक्टर तकनीक–पालीग्राफ, प्रशिक्षाणार्थियों का आर.एफ.एस.एल भोपाल का भ्रमण करवाया गया।

# तीज महोत्सव

दिनांक 12 अगस्त 2021 को ''The Rajasthan Police Men's Families Welfare



Society'' के सौजन्य तीज महोत्सव का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम में किया गया।

इस कार्यक्रम में सोसायटी की अध्यक्षा श्रीमति सुमन लाठर, उपाध्यक्षा श्रीमति भावना शर्मा सहित इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया



गया। सोसायटी की अन्य पदाधिकारियों, राजस्थान पुलिस की महिला अधिकारियों एवं सेवा संकुल



आवासीय परिसर की महिलाओं/बालिकाओं ने इस महोत्सव में भाग लिया। परिधान, मेहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोसायटी की अध्यक्षा एवं राजस्थान पुलिस अकादमी की पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।



# राजस्थान पुलिस अकादमी में 'अम्बा' नाटक की प्रस्तुती

दिनांक 25.09.2022 को सायं 6 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम में "साही मेमोरियल ट्रस्ट' के तत्वावधान में श्री सौरभ श्रीवास्तव अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (मुख्यालय) के "गंधर्व थियेटर" जयपुर के द्वारा हिन्दी नाटक 'अम्बा' की प्रस्तुती दी गई, जिसमें श्री एम. एल लाठर महानिदेशक पुलिस, श्री राजीव शर्मा निदेशक आरपीए एवं समस्त आरपीए स्टाफ तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।









## महानिरीक्षक पुलिस श्रीमान नवज्योति गोगोई के आगमन एवम् महानिरीक्षक पुलिस श्रीमान राघवेन्द्र सुहास के विदाई समारोह

दिनांक 05.07.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में महानिरीक्षक पुलिस श्रीमान नवज्योति गोगोई के आगमन पर एवम् महानिरीक्षक पुलिस श्रीमान राघवेन्द्र सुहास के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक आरपीए श्री राजीव शर्मा द्वारा आगमन व विदाई समारोह का आयोजन एक साथ किया गया।



## सेवानिवृति समारोह

दिनांक 30.06.2022 को श्री कैलाश गुप्ता अतिरिक्त निजी सचिव राजस्थान पुलिस अकादमी के सेवानिवृति पर राजस्थान पुलिस अकादमी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री कैलाश गुप्ता ने अकादमी में पदस्थापित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीगण के द्वारा मिले सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने श्री कैलाश गुप्ता को साफा और माला पहनाकर विदा किया और स्मृति चिन्ह भेंद कर उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाऐं दी।





# महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय

## शिवकुमार बनाम मध्यप्रदेश सरकार

इस प्रकरण में अपीलार्थी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 411 के अधीन चुराई हुई सम्पति को बेईमानी से प्राप्त करने का अभियुक्त मानकर विचारण न्यायालय ने दोषसिद्व किया। इस प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा भी अभियुक्त की दोषसिद्वि बरकरार रखी। अभियुक्त ने माननीय उच्चतम न्यायालय में अपील प्रस्तुत की और निवेदन किया कि उसके द्वारा जो माल चोरी का बताया गया है उस माल के बारे में उसको कोई जानकारी नही थी और न ही अभियुक्त को ऐसा कोई विश्वास करने का कारण था कि उक्त माल चुराई सम्पतिथी।

उक्त प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय ने अभियुक्त को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 411 के अधीन चुराई हुई सम्पति को बेईमानी से प्राप्त करने के अपराध से दोष मुक्त कर दिया एवं प्रतिपादित किया कि धारा 411 भा.द.स. के प्रकरण में अभियुक्त को निम्न तथ्य साबित करने आवश्यक है –

1. कि चुराई हुई सम्पत्ति अभियुक्त के कब्जे में थी,
2. कि अभियुक्त व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति ने उक्त सम्पत्ति को अभियुक्त के कब्जे में आने से पूर्व अपने कब्जे में रखा था, और
3. कि अभियुक्त को इस बात की जानकारी थी कि उक्त सम्पत्ति एक चुराई हुई सम्पत्ति थी।

## एम.एन.जी. भारतीश रेड्डी बनाम रमेश रंगनाथन वगै0

उक्त प्रकरण में प्रमुख विचारणीय प्रश्न यह था कि क्या किसी संविदा या करार को भंग किये जाने से भा.द.स. कि धारा 405, 415 और 420 का अपराध घटित होता है। उक्त प्रकरण में विचारण न्यायालय का मत था कि किसी संविदा का भंग किसी अपराध का गठन नही करता किन्तु उच्च न्यायालय ने विचारण न्यायालय के उक्त मत से असहमति जताते हुए अभियुक्त को किसी संविदा के भंग किये जाने की स्थिति में भा.द.स. कि धारा 405, 415 एवं 420 भा.द.स. का दोषी माना। माननीय उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के निर्णय से असहमति दर्शित करते हुए न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी संविदा को करते समय यदि किसी व्यक्ति का बेईमानीपूर्वक कोई दुराश्य नही था और बाद में वह संविदा भंग कर दी जाये तो किसी अपराध का गठन नही होगा लेकिन संविदा भंग करने वाला व्यक्ति एक सिविल दायित्व के अधीन आयेगा और संविदा भंग के सभी परिणामों के लिये दायी होगा। करार करते समय बेईमानी का आशय स्थापित किये जाने पर ही अभियुक्त का धारा 405 या धारा 420 भा.द.स. में दायित्व पैदा हो सकता है।

# राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

## दिनांक 01.07.2022 से 30.09.2022 तक समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बैसिक कोर्स | 495 |
| 2 | प्रमोशन कैडर कोर्स | 13 |
| 3 | सीसीपीडब्ल्यूसी द्वारा आयोजित कोर्सेज | 167 |
| 4 | विशिष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम | 1843 |
| | कुल | 2518 |

## 01 जुलाई 2022 से माह 30 सितम्बर 2022 तक आयोजित बैसिक कोर्स

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम . | प्रशिक्षण प्रारम्भ की दिनांक | प्रशिक्षण समाप्ति की दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RPS (Prob) Basic Training, Batch-53 | 11.04.2022 | 11.02.2023 | 36 |
| 2 | RPS (Prob) second phase, Batch-49 | 27.06. 2022 | 17.09.2022 | 03 |
| 3 | S.I.(Prob.) Basic Training, Batch-48 | 04.10.2021 | 02.08.2022 | 207 |
| 4 | S.I.(Prob.) Basic Training, Batch-49 | 28.12.2021 | 27.10.2022 | 04 |
| 5 | Professional Course of Male/Female Constable Recruits (Band) Batch-19 | 02.03.2022 | 23.11.2022 | 02 |
| 6 | Basic Course of Male/Female Constable Recruits Batch-92 | 31.01.2022 | 09.11.2022 | 177 |
| 7 | Basic Course of Male/Female Constable Recruits(Sports) Batch No. 93 | 13.06.2022 | 16.09.2022 | 44 |
| 8 | Professional Course of Male/Female Constable Recruits (Band) Batch No. 20 | 11.07.2022 | 14.03.2023 | 02 |
| 9 | Basic Course of Male/Female Buglers Constable Batch No. 01 | 18.07.2022 | 29.10.2022 | 20 |
| | Total | | | 495 |

## 01 जुलाई 2022 से माह 30 सितम्बर 2022 तक आयोजित पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | बैच न. | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | PCC for **constable to Head Constable (band)** | Batch No. 14 | 03 |
| 2 | PCC for **ASI to SI** | Batch No. 55 | 9 |
| 3 | PCC for **SI to CI** | Batch No. 81 | 1 |
| | Total | | 13 |

## 01 जुलाई 2022 से माह 30 सितम्बर 2022 तक आयोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम कोर्सेज

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | कोर्स की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Five-day training Programme on'' Cyber Crime Investigation For Police Officers'' was organized for Sub- Inspectors to Inspectors | 4 | 68 |
| 2 | Three-day training Programme on Cyber Crime Awareness Course For Police Officers '' was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 3 | 45 |
| 3 | Three-day training Programme on'' Cyber Crime and Cyber Law Awareness Course for Prosecutors and Judicial Officers'' was organized for Sub-Inspectors to Inspectors | 2 | 54 |
| | Totals | | 167 |

# 01 जुलाई 2022 से माह 30 सितम्बर 2022 तक आयोजित विशिष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | Four-day training Programme on ''Improvement In Police Behaviour'' was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 45 |
| 2 | One-day training Programme on'' Webinar on Crime against Children, Mental Health Children, Violence against Children"(online) was organized for for ASI to Dysp | 229 |
| 3 | Two-day training Programme on ''Training on Road Safety Management'' was organized for Dysp | 123 |
| 4 | Three-day training Programme on'' Training On Use Of Videography/Photography For Crime Scene'' was organized for ASI to Dysp | 40 |
| 5 | ''Three-day training Programme ''on Investigation of Cases under POCSO Act 2012'' was organized for ASI to Dysp | 43 |
| 6 | ''One-day training Programme on'' Training Programme on ''Cyber Crime for ''Cyber Crime Cell and SIUCAW'(Online) was organized for ASI to Dysp | 62 |
| 7 | ''Five-day training Programme ''on Advanced Technology In Forenscic Science'' was organized for ASI to Dysp | 23 |
| 8 | ''Two-day training Programme on'' Training Programme For Police Officers and Other Stakeholder On Issues Related to Child Protectior'' was organized for Sub -Inspectors to DYSP | 52 |
| 9 | ''One-day training Programme on'' Webinar of Action Against the Misuse of Technology for Anti Human Trafficking was organized'' for Asi to Dysp (online) | 585 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | ''Five-day training Programme on ''Training Of Drug Law Enforcemant Officers Of Narcotics'' was organized for Dysp | 29 |
| 11 | ''Six-day training Programme on ''Defense Techniques for Women PTI | 86 |
| 12 | ''One day training Programme on''Intellectual Property | 07 |
| 13 | ''five-day training Programme on ''Training of Investigators on Women's Safety ''was organized for Sub -Inspectors to Dysp | 100 |
| 14 | One day training Programme on'' Online Training on ''Cyber Crime for ''Cyber Crime Cell and SIUCAW | 73 |
| 15 | ''One day training Programme on''Webinar on "Crime against Children, Mental Health Violence against Children"online'' | 186 |
| 16 | ''Range Level Training on Mobile Forensie relating to offences under POCSO Act. and Other Sexual offences'' | 45 |
| 17 | ''Five-day training Programme 'Mid Career Training Programme for RPS'' was organized for Addil.SP. | 18 |
| 18 | ''Three-day training Programme ''Law Enforcement Training Online Child Sexual Exploitations | 67 |
| 19 | ''Anti-Human Trafficking Course for Investigators'' | 30 |
| | TOTAL | 1843 |

# If You Want Peace Work For Justice




**Editorial Board**

**Editor in Chief**
Rajeev Sharma, IPS, Director

**Editor**
Dheeraj Verma, Inspector

**Members**

1. Sh. Navajyoti Gogoi, IG
2. Sh. Kailash Chandra, DIG
3. Sh. Shailendra Indoliya, DD
4. Sh. Bhupendra Yadav, AD
5. Sh. Rewant Dan, AD
6. Sh. Saurabh Kothari, AD
7. Sh. Anil Rao, AD
8. Sh. Yogendra Fojdar, AD
9. Smt. Seema Hingonia, AD
10. Smt. Saroj Kumawat, SI

Photograph by : Sagar

**Rajasthan Police Academy**
Nehru Nagar, Jaipur (Rajasthan) India
Ph. : +91-141-2302131, 2303222, Fax : 0141-2301878
E-mail : dirrpa@gmail.com Web : www.rpa.rajasthan.gov.in

Premier # 0141-2295097